**WORKSHEET** **पाठ 2** पद

## सार-आधारित प्रश्न (Extract Based Questions)

पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

**1)**

हरि आप हरो जन री भीर।
द्रोपदी री लाज राखी , आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि , धरयो आप सरीर।
बूढ़तो गजराज राख्यो , काटी कुन्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर , हरो म्हारी भीर।।

**Q1.** पद्यांश में किस रस की प्रधानता है –
(क) करुण रस
(ख) वीर रास
(ग) भक्ति रस
(घ) श्रृंगार रस

**Q2.** द्रोपदी की इज्जत प्रभु ने बचाई थी –
(क) कपड़े को बड़ा कर
(ख) दु:शासन को मार कर
(ग) चीर को समाप्त कर
(घ) द्रोपदी को दर्शन दे कर

**Q3.** नरहरि का रूप धारण किया था –
(क) द्रोपदी को बचाने के लिए
(ख) ऐरावत को बचाने के लिए
(ग) प्रहलाद को बचाने के लिए
(घ) मीरा का उद्धार करने के लिए
(क) उपमा अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) पुनरुक्ति अलंकार
(घ) अनुप्रास अलंकार

**Q5.** निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पद्यांश से मेल खाते वाक्यों को चुनिए ?
(क) प्रभु ने द्रोपदी की इज्जत को बचाया और साड़ी के कपडे को बढ़ाते चले गए
(ख) अपने भक्त प्रहलाद को बचाने के लिए नरसिंह का शरीर धारण कर लिया
(ग) हाथियों के राजा भगवान इंद्र के वाहन ऐरावत हाथी को मगरमच्छ के चंगुल से बचाया
(घ) उपरोक्त सभी

**2)**

स्याम म्हाने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।
बिन्दरावन री कुंज गली में , गोविन्द लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसन पास्यूँ, सुमरन पास्यूँ खरची।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ , तीनूं बाताँ सरसी।

**Q1.** मीरा बाग़ क्यों लगाना चाहती हैं –
(क) क्योंकि मीरा को बाग़ बगीचे अच्छे लगते हैं
(ख) क्योंकि श्रीकृष्ण को बाग़ पसंद है
(ग) नित सवेरे उठकर अपने प्रभु के दर्शन प्राप्त करने के लिए
(घ) ताकि उस बाग़ से हमेशा अपने प्रभु के लिए फूल चुन सके

**Q2.** वृन्दावन की गलियों में मीरा क्या करना चाहती हैं**?**
(क) फूल बेचना
(ख) अपने आराध्य की लीलाओं का बखान करना
(ग) अपने आराध्य को ढूँढना
(घ) श्रीकृष्ण के बारे में पता लगाना

**Q3.** नौकर बन कर मीरा को क्या लाभ**?**
(क) उन्हें हमेशा कृष्ण के दर्शन प्राप्त होंगे
(ख) उन्हें अपने प्रिय की याद नहीं सताएगी
(ग) उनकी भाव भक्ति का साम्राज्य बढ़ता ही जायेगा
(घ) उपरोक्त सभी

**Q4.** 'भाव भगती' में कौन सा अलंकार है **?**
(क) उपमा अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) पुनरुक्ति अलंकार
(घ) अनुप्रास अलंकार

**Q5.** निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पद्यांश से मेल खाते वाक्यों को चुनिए **?**
(क) मीरा किसी भी तरह श्री कृष्ण के नजदीक रहना चाहती है फिर चाहे नौकर बन कर ही क्यों न रहना पड़े
(ख) नौकर बनकर मीरा बागीचा लगाएंगी ताकि सुबह उठ कर रोज अपने प्रभु के दर्शन पा सके
(ग) वृन्दावन की संकरी गलियों में मीरा अपने स्वामी की लीलाओं का बखान करेंगी
(घ) उपरोक्त सभी

**3)**
मोर मुगट पीताम्बर सौहे , गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे , मोहन मुरली वाला।
ऊँचा ऊँचा महल बनावँ बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ ,पहर कुसुम्बी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण ,दीज्यो जमनाजी रे तीरा।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर , हिवड़ो घणो अधीरा।
**Q1.** 'मोर मुगट पीताम्बर सौहे , गल वैजन्ती माला।' पंक्ति में किसका वर्णन किया गया है –
(क) मीरा का
(ख) श्रीकृष्ण का
(ग) मोर का
(घ) फूल का

**Q2.** 'बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला' का आशय है –
(क) श्रीकृष्ण ग्वाले हैं और मुरली बजाते हैं
(ख) श्रीकृष्ण द्वारा वृन्दावन में गाय चराई जाती हैं
(ग) श्रीकृष्ण गाय चराते हुए, मुरली बजाते श्रीकृष्ण सबका मन मोह लेते हैं
(घ) श्रीकृष्ण गाय चराते हुए मुरली बजाते हैं

**Q3.** ' हिवड़ो घणो अधीरा' से अभिप्राय –
(क) अपने प्रभु को प्राप्त करने के लिए हृदय बैचेन है
(ख) अपने प्रभु से मिलने के लिए हृदय अधीर हो रहा है
(ग) दिल बहुत घबराया हुआ है
(घ) दिल बैचैन है

**Q4.** 'मोर मुगट' और 'मोहन मुरली' में कौन सा अलंकार है **?**
(क) उपमा अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) पुनरुक्ति अलंकार
(घ) अनुप्रास अलंकार

**Q5.** निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पद्यांश से मेल खाते वाक्यों को चुनिए **?**
(क) उन्होंने पीले वस्त्र धारण किये हुए हैं ,सर पर मोर के पंखों का मुकुट विराजमान है और गले में वैजन्ती फूल की माला को धारण किया हुआ है
(ख) नौकर बनकर मीरा बागीचा लगाएंगी ताकि सुबह उठ कर रोज अपने प्रभु के दर्शन पा सके
(ग) मीरा कहती है कि मैं बगीचों के बिच ही ऊँचे ऊँचे महल बनाउंगी और कुसुम्बी साड़ी पहन कर अपने प्रिय के दर्शन करुँगी
(घ) उपरोक्त सभी

## बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

**Q1-** पहले पद में मीरा ने अपनी पीड़ा हरने की विनती हरी से कैसे की है **?**
**A)** जैसे सभी भक्तों – द्रौपदी , प्रह्लाद का साथ दिया
**B)** जैसे राधा का साथ दिया
**C)** जैसे सुदामा का साथ दिया
**D)** कोई नहीं
**Q2-** मीरा वृन्दावन में क्यों जा बसी थी **?**
**A)** कृष्ण के लिए
**B)** रास लीला देखने के लिए
**C)** पारिवारिक संतापों से मुक्ति पाने के लिए
**D)** कोई नहीं
**Q3-** मीरा की रचनाओं में उनके आराध्य किस रूप में संकल्पित किये गए हैं **?**
**A)** निर्गुण निराकार ब्रह्म
**B)** सगुन साकार गोपी वल्लभ श्री कृष्ण
**C)** निर्मोही परदेशी जोगी
**D)** सगुन साकार गोपी
**Q4-** मीरा बाई का जन्म कब और कहाँ हुआ **?**
**A)** जोधपुर के चोकड़ी में १५०३ में
**B)** जयपुर में १५०४ में
**C)** सीतापुर में १५०५ में
**D)** जोधपुर
**Q5-** मीरा के पद किसको संबोधित किये गए हैं **?**
**A)** मेवाड़ के महाराणा सांगा
**B)** अपने आराध्य को
**C)** अपने पति को
**D)** अपने पिता को
**Q6-** मीरा की शादी किस आयु में हुई **?**
**A)** १२ वर्ष की आयु में
**B)** ११ वर्ष की आयु में
**C)** १३ वर्ष की आयु में
**D)** १7 वर्ष की आयु में
**Q7-** मीरा कौन सी भाषाओं की कवयित्री मानी जाती है **?**
**A)** गुजराती और राजस्थानी
**B)** हिंदी और गुजराती
**C)** हिंदी और मराठी
**D)** सभी
**Q8-** मीरा की शादी किस से हुई **?**
**A)** मेवाड़ के महाराणा सांगा के कुंवर भोजराज से
**B)** मेवाड़ के सेनापति से
**C)** मेवाड़ के प्रजापति से

**D)** किसे से नहीं
**Q9-** मीरा किसकी शिष्या थी **?**
**A)** संत रविदास
**B)** संत रैदास
**C)** संत रवीश द|स
**D)** संत दास
**Q10-** मीरा की भक्ति किस तरह की है **?**
**A)** दैन्य और मदुर भाव
**B)** प्रेमभाव
**C)** कठोर भाव
**D)** उदार भाव
**Q11-** मीरा के पदों में किन भाषाओं का मिश्रण पाया जाता है **?**
**A)** राजस्थानी
**B)** ब्रज
**C)** गुजराती
**D)** सभी
**Q12-** किसको बचाने के लिए श्री कृष्ण ने नरसिंह का रूप धारण किया था **?**
**A)** भक्त प्रहलाद
**B)** भक्त ऐरावत
**C)** भक्त अहलावत
**D)** सभी
**Q13-** दूसरे पद में मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है **?**
**A)** श्री कृष्ण के नजदीक रहने के लिए
**B)** कृष्ण के लिए
**C)** कृष्ण का हारसिंगार करने के लिए
**D)** दोहे लिखने के लिए
**Q14-** मीराबाई ने श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है **?**
**A)** पीताम्बर मनमोहक के रूप में
**B)** पीताम्बर जनमोहक के रूप में
**C)** पीताम्बर के रूप में
**D)** किसी रूप में नहीं
**Q15-** मीरा बाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिये ।
**A)** सरल
**B)** सहज
**C)** आम बोलचाल की भाषा
**D)** सभी
**Q16-** मीरा श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या क्या करने को तैयार है **?**
**A)** बाग बगीचे लगाने को
**B)** ऊंचे महल बनवाने को
**C)** दासी बनने को
**D)** सभी
**Q17-** “हरि आप हरो जन री भीर ” इन पंक्तियों पर प्रकाश डालें ।
**A)** हे ईश्वर! जैसे आपने अपने सभी भक्तो के दुःख हरे मेरे भी कष्ट हरो
**B)** हे प्रभु मेरी पीर हरो
**C)** हे प्रभु हरिजन की पीर हरो
**D)** कोई नहीं
**Q18-** “बूढ़तो गजराज राख्यो **,** काटी कुंजर पीर **|**” पंक्ति पर भाव प्रकट करें ।
**A)** जैसे अपने ऐरावत को मगरमच्छ से बचाया
**B)** जैसे आपने इंद्र को मगरमच्छ से बचाया
**C)** जैसे आपने भगवान को मगरमच्छ से बचाया
**D)** सभी
**Q19-** ” चाकरी में दरसण पास्यूँ **,** सुमरन पास्यूँ खरची **|** ” इस पंक्ति में मीरा क्या कह रही है **?**
**A)** दासी बन मीरा श्री कृष्ण के पास रहेगी और उसे उनको याद भी नहीं करना पड़ेगा **|**
**B)** कृष्ण के दर्शन पाने को मीरा नाचेगी
**C)** कृष्ण के दर्शन पाने को मीरा गली गली घूमेगी
**D)** याद नहीं करना पड़ेगा

**Q20-** मीरा के भक्ति भाव का साम्राज्य कैसे बढ़ेगा ?
**A)** मीरा के कृष्ण के पास रहने से
**B)** मीरा के नृत्य करने से
**C)** मीरा के गली गली घूमने से
**D)** मीरा के दोहे लिखने से
**Q21-** श्री कृष्ण किसकी साड़ी को बढ़ाते चले गए ?
**A)** मीरा की
**B)** राधा की
**C)** द्रौपदी की
**D)** कोई नहीं
**Q22-** मीरा श्री कृष्ण के पास रहने के कौन से फायदे बताती है ?
**A)** उसे हमेशा दर्शन प्राप्त होंगे
**B)** उसे श्री कृष्ण को याद करने की जरूरत नहीं होगी
**C)** उसकी भाव भक्ति का साम्राज्य बढ़ता ही जायेगा।
**D)** सभी
**Q23-** मीरा के पद किस भाव को प्रकट करते हैं ?
**A)** सौंदर्य भाव को
**B)** रासलीला को,उदासी को
**C)** कृष्ण भक्ति भाव को
**D)** भक्ति भाव को
**Q24-** मीरा श्री कृष्ण के दर्शन किस रंग की साड़ी पहन कर करना चाहती है ?
**A)** लाल रंग
**B)** योगी रंग
**C)** कुसुम्बी रंग
**D)** रँग बिरंगी
**Q25-** मीरा श्री कृष्ण के घूमने के लिए क्या बनाना चाहती है ?
**A)** पौधे
**B)** हीरे
**C)** बाग़ बगीचे
**D)** हरा रंग
**Q26-** मीरा के काव्य की कितनी कृतियाँ उपलब्ध हैं ?
**A)** सात – आठ
**B)** सात -दस
**C)** चार – पांच
**D)** कोई नहीं
**Q27-** मीरा के अनुसार श्री कृष्ण कहाँ गाय चराते हुए सबका मन मोह लेते हैं ?
**A)** गोकुल
**B)** गोकुलधाम
**C)** वृन्दावन
**D)** वन में
**Q28-** मीरा हर रोज़ सुबह उठकर किसके दर्शन करना चाहती है ?
**A)** श्री राम के
**B)** अपने पति के
**C)** श्री कृष्ण के
**D)** पिता के